दीनदयाल उपाध्याय
गोरखपुर विश्वविद्यालय
गोरखपुर–273009

Deen Dayal Upadhyaya
Gorakhpur University,
Gorakhpur-273009

(Accredited A++ by NAAC)

पत्रांक : सम्बद्धता/2025/01/6303 **दिनांक : 18/01/2025.**

अनुस्मारक पत्र

सेवा में,

प्राचार्य/प्रबन्धक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर।

विषय– भारत सरकार द्वारा विकसित SWAYAM (Study Webs of Active Learning for Young Aspiring Minds) पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्रांक सम्बद्धता/2024/11/6126 दिनांक 26.11.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से भारत सरकार द्वारा विकसित SWAYAM पोर्टल पर नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए पंजीकरण कराने हेतु निर्देशित किया गया था। **परन्तु अभी तक सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा SWAYAM पोर्टल हेतु दिये गये लिंक पर नोडल अधिकारी नियुक्त नहीं किये गये हैं जो अत्यन्त ही खेदजनक स्थिति है। शासन स्तर पर आयोजित आनलाइन बैठक में उक्त स्थिति को बहुत ही गम्भीरता से लिया गया है तथा पुनः निर्देशित किया गया है कि महाविद्यालयों से तत्काल उपरोक्त के संबंध में नोडल अधिकारी नियुक्त करने हेतु निर्देशित किया जाय।**

सूच्य है कि शासन के पत्र संख्या 2989/सत्तर–3–2024 दिनांक 16.11.2024 के माध्यम से भारत सरकार द्वारा विकसित SWAYAM पोर्टल जिसका उद्देश्य देश के सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क आनलाइन शिक्षा प्रदान करना है, को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू0जी0सी0) द्वारा यू0जी0सी0 (क्रेडिट फ्रेमवर्क फॉर आनलाइन लर्निंग कोर्सेज थ्रू SWAYAM विनिमय–2021 अधिसूचित किया गया है।

स्वयं पोर्टल पर पंजीकरण/नोडल अधिकारी नामित करने हेतु लिंक–
https://nptel.ac.in/localchapter#Join_as_new_LC
Join as an NPTEL-SWAYAM Local Chapter
https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSd54WSY_1Q_quDy3heOLwHyqNm4srpro7egOp9PKaojdX-Dqg/viewform

अतः मा0 कुलपति जी के आदेश दिनांक 17.01.2025 एवं शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में स्वयं पोर्टल पर **अपने महाविद्यालय में नोडल अधिकारी (विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित किसी अध्यापक को) नामित करते हुए, नोडल अधिकारी का नाम, मोबाईल नं0 एवं ई–मेल आई0डी0 प्रो0 राजर्शि गौड़, नोडल अधिकारी, स्वयं पोर्टल, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के ई–मेल आई0डी0 rajarshi.biotech@ddugu.ac.in पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।**

नोट– 1. रजिस्ट्रेशन करने के उपरान्त संलग्न प्रारूप की सूचना प्राचार्य से अग्रसारित कराते हुए पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है, तभी रजिस्ट्रेशन सफलतापूर्वक मान्य होगा।

2. विश्वविद्यालय के पत्रांक 42/सा0प्र0/2025 दिनांक 18.01.2025 द्वारा निर्गत संशोधित सूचना के क्रम में महाविद्यालय स्तर पर स्वयं पोर्टल एवं अपार हेतु नामित नोडल अधिकारी के साथ सूचना सहित दिनांक 21.01.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे दीक्षा भवन में उपस्थित होना आवश्यक है।

भवदीय

[illegible]

कुलसचिव

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. डॉ0 राजर्षि गौड़, नोडल अधिकारी, स्वयं पोर्टल, दी0द0उ0 गो0वि0वि0, गोरखपुर।
4. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5. समन्वयक, आई0टी0सी0 सेल को इस आषय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय वेबसाइट एवं समस्त महाविद्यालयों की लॉगइन में प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
6. प्रभारी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
7. प्रभारी कमेटी को इस आशय से सूचित कि पाठ्यक्रम से संबंधित कार्य सम्पादित कराने का कष्ट करें।
8. वैय0 सहायक कुलसचिव।

कुलसचिव